/font>

Title: Need for linking of National Highway 28-A and National Highway 28-B in Bihar and Uttar Pradesh.

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान बिहार और उत्तर प्रदेश में राट्रीय राजमार्ग संख्या-28 ए को छपवा से कुशीनगर बरास्ता, बेतिया, लारिया, बगहा, छितोनी रेल सड़क पुल तक बढ़ाने की आवश्यकता की तरफ दिलाना चाहता हूं। वर्तमान समय में यह मार्ग दो राज्यों को जोड़ता है और इसे राट्रीय राजमार्ग को घोाित करके इसको और उपयोगी बनाया जा सकता है। यह मार्ग क्षेत्र अत्यंत पिछड़ा हुआ है। अगर एनएच 28 ए से वहां 28 बी करके उसको उत्तर प्रदेश के कुशीनगर तक जोड़ दिया जाए तो यहां के यातायात के आवागमन में सुविधा होगी और रक्षा के दृटिकोण से भी फौजों में आवागमन में भी उपयोगी होगा। सड़क के उन्नयन के अभाव में इस मार्ग पर कोई सेना की कोई छावनी नहीं है। गोरखपुर से सेना को भेजा जा सकता है परंतु सेना को भेजने के लिए कोई उचित मार्ग और सीधा मार्ग नहीं है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि एनएच 28ए को एनएच 28 बी को जोड़कर राट्रीय राजमार्ग घोाित किया जाए जिससे बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच बरास्ता, बेतिया, लारिया, बगहा, छितोनी के बीच सड़क यातायात को सुगम बनाया जा सके।